भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर मनेगा जनजातीय गौरव सप्ताह

- 14 से 20 नवंबर तक सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियां
- 88 जनजातीय विकासखंडों में लगेंगी गौरव चौपाल



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश में जनजातीय गौरव सप्ताह मनाया जाएगा। इसके तहत प्रदेशभर में सांस्कृतिक, साहित्यिक और शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और जनजातीय कार्य आयुक्त तरुण राठी भी मौजूद रहे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम 14 नवंबर को जबलपुर, 15 नवंबर को धार जिले के डही और अलीराजपुर जिले के जोबट तथा 16 नवंबर को खंडवा और शहडोल जिले के ब्यौहारी में आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। राज्य स्तरीय आयोजन राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में होंगे। इनका सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

श्री शाह ने छात्रावासों और आश्रम शालाओं में निबंध, भाषण प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था करने को भी कहा गया है। स्कूलों में जनजातीय नृत्य, नाटक, संगीत, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताएं होंगी।

प्रदेश के सभी 88 जनजातीय विकासखंडों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 18 से 20 नवंबर तक चयनित गांवों में जनजातीय गौरव चौपाल लगेंगी। जिला मुख्यालयों पर सांस्कृतिक रैलियां भी निकाली जाएंगी। इनमें जनजातीय समाज की पारंपरिक वेशभूषा, लोककला, संगीत और वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन किया जाएगा।

भोपाल में 160 करोड़ का निवेश और 300 करोड़ कारोबार का लक्ष्य

जर्मनी के बेनेकोर समूह की निर्माण इकाई का शुभारंभ



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली से वर्चुअली भोपाल के अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में जर्मनी के बेनेकोर समूह की हाइजीन नॉनवुवन सामग्री निर्माण इकाई का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकार और उद्योग मिलकर काम करते हैं तो उनकी क्षमताएं कई गुना बढ़ जाती हैं। संयंत्र का भूमिपूजन अगस्त 2024 में हुआ था और दो वर्ष में उत्पादन शुरू हो गया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि संयंत्र के पहले चरण में 160 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इसकी सालाना कारोबार क्षमता 300 करोड़ रुपये है। यहां डायपर और सैनिटरी नैपकिन में इस्तेमाल होने वाली स्वच्छता सामग्री का निर्माण होगा। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। अब तक यह सामग्री विदेशों से मंगाई जाती थी, लेकिन अब देश में ही इसका उत्पादन होगा। उन्होंने कहा कि भोपाल मध्य भारत के आधुनिक विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। सरकार का प्रयास है कि उद्योग युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराएं।

संयंत्र पर्यावरण अनुकूल है। इसमें पानी की खपत कम होगी और इसे हरित भवन मानकों के अनुसार बनाया गया है। कंपनी की योजना तीन वर्षों में उत्पादन क्षमता दोगुनी करने की है।

नायब तहसीलदार भर्ती परीक्षा की तारीख बदली, अब 10 जनवरी को होगी परीक्षा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने विभागीय नायब तहसीलदार भर्ती परीक्षा-2026 की तारीख में बदलाव किया है। पहले यह परीक्षा 14 नवंबर 2026 को प्रस्तावित थी, लेकिन अब 10 जनवरी 2027 को आयोजित की जाएगी। पटवारी संघ की मांग और राजस्व विभाग की सहमति के बाद परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इस परीक्षा के माध्यम से राजस्व विभाग में कार्यरत पटवारी, राजस्व निरीक्षक और लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के जरिए नायब तहसीलदार पद पर भर्ती की जाएगी। इसमें राजस्व मंडल, आयुक्त भू-अभिलेख, संभागायुक्त और कलेक्टर कार्यालयों में कार्यरत पात्र कर्मचारी शामिल होंगे। वहीं, पुलिस आरक्षक, पुलिस आरक्षक (ड्राइवर), सूबेदार (स्टेनोग्राफर) और सहायक उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में न्यायालय में याचिका दायर करने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन का अवसर दिया गया है। ऐसे अभ्यर्थी 12 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। पुलिस आरक्षक के 7500 पदों के लिए अब तक करीब 7.54 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं, सूबेदार और सहायक उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 1,54,180 आवेदन मिले हैं।

भोपाल-इंदौर मेट्रो में एनसीएमसी स्मार्ट कार्ड सुविधा शुरू

- 50 रुपये में मिलेगा कार्ड
- रिचार्ज कर दोनों शहरों में कर सकेंगे यात्रा
- कार्ड से किराये पर 25 प्रतिशत तक छूट का लाभ भी मिलेगा



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल और इंदौर मेट्रो में गुरुवार से नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) की सुविधा शुरू हो गई है। इसके माध्यम से यात्रियों को बार-बार टिकट खरीदने और टिकट काउंटरों पर कतार में लगने की जरूरत नहीं होगी। यात्री कार्ड रिचार्ज कर मेट्रो स्टेशनों पर प्रवेश और निकास कर सकेंगे। यह कार्ड दिल्ली और मुंबई सहित उन शहरों में भी उपयोग किया जा सकेगा, जहां एनसीएमसी की व्यवस्था लागू है।

मेट्रो प्रबंधन के अनुसार, भोपाल और इंदौर के सभी स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर कार्ड उपलब्ध होंगे। इसे जारी कराने का शुल्क 50 रुपये निर्धारित किया गया है, जो वापस नहीं होगा। कार्ड लेने के बाद यात्री अपनी जरूरत के अनुसार इसमें राशि रिचार्ज करा सकेंगे। कार्ड से यात्रा करने पर निर्धारित शर्तों के अनुसार 20 रुपये से अधिक किराये वाली एकल यात्रा पर 25 प्रतिशत की छूट भी जारी रहेगी। इसके अलावा यात्रियों को टिकट वेंडिंग मशीन और मध्यप्रदेश मेट्रो मोबाइल ऐप के माध्यम से क्यूआर टिकट लेने की सुविधा भी मिलेगी। टिकट वेंडिंग मशीन से यात्री गंतव्य स्टेशन चुनकर यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में लगभग 30 सेकंड में टिकट प्राप्त किया जा सकता है। मेट्रो प्रबंधन की ओर से 11 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2026 तक विशेष किराया छूट भी दी जा रही है। इसमें एकल यात्रा पर 25 प्रतिशत, वापसी यात्रा पर 30 प्रतिशत और समूह टिकट पर 35 प्रतिशत तक छूट शामिल है। ई-वॉलेट रिचार्ज पर भी राशि के अनुसार 8 से 15 प्रतिशत तक बोनस मिलेगा।

15 नवंबर तक भोपाल से दिल्ली के लिए पार्सल बुकिंग पर रोक

नप्र, भोपाल : दीपावली और छठ पूजा के बाद ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों पर पार्सल बुकिंग और सामान की लोडिंग-अनलोडिंग पर अस्थायी रोक लगा दी है। यह प्रतिबंध 15 नवंबर 2026 तक लागू रहेगा। इसके चलते भोपाल से नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली और आनंद विहार स्टेशनों के लिए पार्सल नहीं भेजे जा सकेंगे।

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि प्रतिबंधित अवधि में नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशनों पर पार्सल की बुकिंग के साथ लोडिंग और अनलोडिंग भी नहीं की जाएगी। हालांकि, आनंद विहार और हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पर निर्धारित स्थानों से पार्सल की लोडिंग और अनलोडिंग की अनुमति रहेगी।

रेलवे ने यह निर्णय यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और त्योहारों के दौरान स्टेशनों पर भीड़ का दबाव कम करने के उद्देश्य से लिया है। इस प्रतिबंध के दौरान यात्रियों के व्यक्तिगत सामान के परिवहन के साथ पंजीकृत समाचार पत्रों और पत्रिकाओं को नियमानुसार छूट दी गई है। रेलवे प्रशासन ने पार्सल कारोबारियों और ग्राहकों से अपील की है कि वे पार्सल बुक कराने से पहले संबंधित स्टेशनों पर उपलब्ध सुविधाओं और नियमों की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू दो दिन बाद और लुढ़केगा रात का पारा

कटनी सबसे ठंडा, न्यूनतम तापमान 10.6 पर



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः किसी प्रभावशाली मौसम प्रणाली के सक्रिय न रहने से मौसम लगातार शुष्क बना हुआ है। आसमान साफ रहने से धूप खिल रही है, लेकिन शाम ढलते ही वातावरण में सिहरन बढ़ने लगती है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से पहाड़ों पर बर्फबारी हो रही है। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने पर दो दिन बाद न्यूनतम तापमान में कुछ और गिरावट होने की संभावना है। उधर गुरुवार को प्रदेश में सबसे कम 10.6 डिग्री सेल्सियस तापमान कटनी में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ वर्तमान में कश्मीर एवं उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। इसके साथ ही एक द्रोणिका भी संबद्ध है। दक्षिणी अंडमान सागर और उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इसके शुक्रवार को दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में कम दबाव के क्षेत्र में बदलने की संभावना है। साथ ही उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए इस मौसम प्रणाली के 15 नवंबर को अवदाब के क्षेत्र में परिवर्तित होने के भी संकेत मिल रहे हैं। मौसम विज्ञानी पीके रायकवार ने बताया कि वर्तमान में हवा का रुख उत्तर-पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी हो रहा है। इस वजह से न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हो रहा है। वातावरण में नमी न रहने के कारण अभी मौसम शुष्क ही बना रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ जाने पर उत्तर भारत की तरफ से आने वाली ठंडी हवाओं से मध्य प्रदेश में रात के तापमान में और भी गिरावट होने के आसार हैं।

बाल संप्रेक्षण गृह बनेगा 'हीलिंग सेंटर'

नप्र, भोपाल : खंडवा जिले के बाल संप्रेक्षण गृह को 'टेंपल ऑफ हीलिंग' के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए नीति आयोग ने 50 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। इस केंद्र में विधि का उल्लंघन करने वाले बच्चों को शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उद्देश्य बच्चों को सकारात्मक वातावरण देकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। परियोजना के तहत बाल संप्रेक्षण गृह में डिजिटल कक्षाएं, आधुनिक पुस्तकालय और योग पार्क विकसित किए जाएंगे। पुस्तकालय में प्रेरणादायक साहित्य और कौशल विकास से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध होंगी। डिजिटल कक्षाओं के माध्यम से बच्चों को कंप्यूटर और तकनीक आधारित शिक्षा दी जाएगी।

6.09 लाख नए मतदाता बढ़े, संख्या 5.48 करोड़ के पार



- 12 दिसंबर तक नाम जुड़वाने और संशोधन का मौका, 4 जनवरी 2027 को प्रकाशित होगी अंतिम सूची

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत गुरुवार को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची जारी होने के बाद कुल मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 48 लाख 71 हजार 158 हो गई है।

एक अक्टूबर 2026 की स्थिति में यह संख्या 5 करोड़ 42 लाख 62 हजार 169 थी। इस तरह प्रदेश में मतदाताओं की संख्या में लगभग 6.09 लाख की वृद्धि हुई है। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही नाम जुड़वाने, हटवाने और संशोधन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मतदाता 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। इसके लिए 21 और 22 नवंबर तथा 5 और 6 दिसंबर को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। प्राप्त दावों और आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा। इसके बाद 4 जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी।

निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण भी पूरा कर लिया है। इसके तहत प्रदेश में 127 नए मतदान केंद्र जोड़े गए हैं, जबकि 21 केंद्र हटाए गए हैं। अब कुल मतदान केंद्रों की संख्या 72,036 हो गई है। एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए बूथ लेवल ऑफिसर से संपर्क करने के अलावा वोटर हेल्पलाइन ऐप और निर्वाचन आयोग के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। यह प्रक्रिया निशुल्क है। सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

बाणसागर बांध को बार-बार तैरकर पार कर रहा रेडियो कॉलर वाला हाथी, रेस्क्यू अभियान शुरू

- मैहर और बांधवगढ़ के बीच बदल रहा विचरण क्षेत्र
- चार प्रशिक्षित हाथियों और 100 से अधिक वनकर्मियों की टीम जुटी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का करीब 20 वर्षीय रेडियो कॉलर युक्त नर हाथी इन दिनों बाणसागर बांध को बार-बार तैरकर पार कर अपना विचरण क्षेत्र बदल रहा है। हाथी की गतिविधियों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका को देखते हुए वन विभाग ने उसका सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए संयुक्त अभियान शुरू किया है। 9 नवंबर से तैयारियां चल रही थीं, जबकि 11 नवंबर से कार्रवाई शुरू की गई। रेडियो कॉलर-4 मूल रूप से छत्तीसगढ़ का हाथी है। जनहानि, पशुहानि और फसल क्षति की घटनाओं के बाद 22 मई 2026 को इसका रेस्क्यू कर रेडियो कॉलर लगाया गया था। अगले दिन इसे बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया था। हाथी ने 7 सितंबर को सोन नदी पार करने के दौरान 8 से 10 घंटे तक तैराकी की थी। इसके बाद भी वह कई बार नदी पार कर बांधवगढ़ और मैहर के बीच पहुंचता रहा है। रेस्क्यू अभियान में चार प्रशिक्षित हाथी गौतम, सूर्या, श्याम और बापू लगाए गए हैं। बांधवगढ़, संजय बाघ अभयारण्य, मैहर वनमंडल और मुकुंदपुर चिड़ियाघर के 100 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी अभियान में शामिल हैं। तीन वन्यजीव चिकित्सक भी तैनात हैं। वन विभाग का उद्देश्य ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ हाथी को बिना नुकसान पहुंचाए सुरक्षित रेस्क्यू करना है।

कुलैथ में आज पशुपालक सम्मेलन और पशु मेले का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 नवंबर को ग्वालियर जिले के ग्राम कुलैथ में विशाल पशुपालक सम्मेलन सह पशु मेले का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वे कृषि, पशुपालन और अन्य विभागों की योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित करेंगे।

किसान कल्याण वर्ष के तहत आयोजित इस सम्मेलन में उत्कृष्ट पशुपालन और उन्नत खेती-किसानी पर केंद्रित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें उन्नत नस्ल के पशुओं का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की पशुपालन संबंधी योजनाओं, आधुनिक तकनीकों और पशुपालकों के हित में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी जाएगी। इससे पशुपालक बेहतर पशु प्रबंधन और आय बढ़ाने के नए अवसरों से परिचित हो सकेंगे। सम्मेलन में भारतीय ग्रामीण संस्कृति और लोक परंपराओं की झलक भी देखने को मिलेगी। इसके तहत कन्हैया लोकगीतों की प्रस्तुतियां होंगी। साथ ही पारंपरिक बैलगाड़ी दौड़ और घुड़दौड़ का आयोजन किया जाएगा।




• शह और मात की जंग...




मध्यप्रदेश में मुखिया पद पर जल्द ही एक नया चेहरा आएगा, यह तो तय है, लेकिन कौन-सा चेहरा आएगा, यह समय के गर्त में है। फिलहाल तो खुद को बेहतर साबित करने और सामने वाले प्रतिद्वंद्वी की असफलताएं गिनाने की जोर-आजमाइश चल रही है।

• दीपावली और गिफ्ट...




पिछले दिनों दीपावली पर्व की धूम में एक जिले के बड़े साहब को गिफ्ट की भरमार हो गई। साहब बहुत खुश थे, लेकिन जब एक सहयोगी ने बताया कि ये उपहार देने वाले कौन हैं, तो साहब की हवा खराब हो गई। हकीकत जाने बिना गिफ्ट स्वीकार करना और भविष्य में उसके होने वाले परिणामों की चिंता ने साहब की नींद उड़ा दी है।

• पार्टी और परफॉर्मेंस...



राजधानी से लगभग 500 किलोमीटर दूर एक जिले में दीपावली की शुभकामनाएं देने के लिए एक बड़े उद्योगपति घराने ने पार्टी रखी। पार्टी में साहब भी पहुंचे और जमकर धमाल किया। साहब सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहे, लेकिन चर्चा पार्टी से ज्यादा साहब के नए अवतार की हो रही है।

• साहब की लाइटिंग और...




युवा अधिकारी और पहला जिला, फिर पहला त्योहार। यह सोचकर साहब ने अपने बंगले पर भव्य और आकर्षक लाइटिंग लगवाई और खूब पटाखे फोड़े। लेकिन जब भुगतान की बात आई तो साहब की गैरत जागी। उन्होंने कहा कि इसका भुगतान मैं ही करूंगा। हालांकि सहयोगी स्टाफ ने समझाया कि साहब, भुगतान हो जाएगा, लेकिन साहब खुद भुगतान करने पर अड़े हुए थे।

• पटाखों का शोर और साहब का जोर...



बुंदेलखंड क्षेत्र के एक बड़े जिले में दीपावली के दिन बड़े पटाखे फोड़ने और उनसे होने वाले प्रदूषण के साथ ही तेज आवाज से हो रहे नुकसान की शिकायत लेकर कुछ बुजुर्गों का एक दल थाने पहुंचा। वे थाना प्रभारी से शिकायत करने के लिए आवेदन देना चाहते थे, लेकिन सभी दंग रह गए, जब उन्होंने प्रभारी को थाने से लगी कॉलोनी में अपने घर के बाहर बड़े-बड़े और तेज आवाज वाले पटाखे फोड़ते देखा। सभी उल्टे पांव वापस लौट आए।

• बड़े दिल वाले साहब...



आम आदमी के लिए अच्छा सोचने वाले बहुत कम लोग रह गए हैं। एक बड़े पद पर बैठे अधिकारी ने अपने पदस्थापना वाले शहर में दीपावली पर सैकड़ों गरीब ग्रामीणों के घरों तक मिठाई, पटाखे और इलेक्ट्रॉनिक सर्किट पहुंचाकर ऐसे घरों को रोशन किया, जिनके लिए यह सब एक सपना होता है। ऐसा करने से साहब को आत्मीय खुशी और आत्मसंतुष्टि मिलती है।

भाईदूज *भावुक हुए भाई-बहन...*

प्रदेश की जेलों में 6 हजार बंदियों से मिले 20 हजार परिजन

- डीजी जेल वरुण कपूर की पहल पर खुली मुलाकात की व्यवस्था



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भाईदूज के अवसर पर प्रदेश की जेलों में बंद भाई-बहनों को अपने परिजनों से मिलने का विशेष अवसर मिला। जेल महानिदेशक वरुण कपूर की पहल पर प्रदेश की विभिन्न जेलों में खुली मुलाकात की व्यवस्था की गई। इस दौरान करीब 6 हजार बंदियों से लगभग 20 हजार परिजनों ने मुलाकात की।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में बहनें अपने बंदी भाइयों से मिलने पहुंचीं। उन्होंने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके सुखी, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, महिला बंदियों से मिलने उनके भाई और अन्य परिजन भी पहुंचे। लंबे समय बाद परिवार के सदस्यों और छह वर्ष तक की आयु के बच्चों से मिलकर बंदियों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान कई जगह खुशी के आंसुओं के साथ भावुक दृश्य देखने को मिले।

यह विशेष आयोजन ग्वालियर और सागर की केंद्रीय जेलों सहित सर्किल जेल शिवपुरी तथा इनके अधीनस्थ जेलों में किया गया। जेल प्रशासन ने बंदियों और परिजनों की सुविधा के लिए परिसर के खुले स्थानों पर मुलाकात की व्यवस्था की। साथ ही सुरक्षा और निगरानी के भी विशेष इंतजाम किए गए। जेल प्रशासन के अनुसार, पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com